प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 02.06.2026 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–2047 के विकसित भारत निर्माण को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्पष्ट विजन और दृढ संकल्प सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत–प्रधानमंत्री से नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की।

- सरकार ने एक बार फिर स्पष्ट किया कि देशभर में पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध–लोगों से फर्जी मेल और अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की।

- प्रदेश में वाहनों को अवैध रूप से मॉडिफाइ करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाही की जायेगी।

- वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत आज भी कई गतिविधियां–जल स्त्रोतों के पूजन के साथ कैच द रेन कार्यक्रम का आयोजन।

0000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि 2047 के विकसित भारत के निर्माण को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्पष्ट विजन और दृढ संकल्प सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। प्रधानमंत्री से कल शिष्टाचार भेंट के बाद मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया संदेश में कहा कि श्री मोदी का राजस्थान के प्रति विशेष स्नेह और आत्मीय जुडाव रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन, विकसित राजस्थान के संकल्प को शक्ति प्रदान करता है। इस अवसर पर श्री शर्मा ने प्रधानमंत्री से सुशासन और जनकल्याण से जुडे विषयों पर चर्चा कर मार्गदर्शन हासिल किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से भी मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय अध्यक्ष से संगठन से जुडे विषयों और आगामी कार्य योजनाओं और जनहित के मुद्दों पर चर्चा की।

0000

भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष नितिन नबीन ने कल नई दिल्ली में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। पार्टी सांसद और प्रवक्ता डॉ. संबित पात्रा ने पत्रकारों से बातचीत में पिछले 12 साल के दौरान मोदी सरकार की सेवा, संगठनात्मक विस्तार, और समाज के विभिन्न वर्गों तक पार्टी की पहुंच बढाने के प्रयासों पर हुए विचार विमर्श का ब्योरा साझा किया। उन्होंने कहा कि हर नागरिक पिछले 12 वर्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति का साक्षी बना है।

0000

सरकार ने कहा है कि देशभर में पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार है। पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों पर नई दिल्ली में अंतर–मंत्रालय संवाददाता सम्मेलन में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि सभी तेल विपणन कंपनियां पेट्रोल और डीजल की सक्रिय रूप से आपूर्ति कर रही हैं।

0000

इस बीच सरकार ने उन फर्जी ईमेल का खंडन किया है जिनमें एलपीजी डीलरशिप और डिस्ट्रीब्यूटरशिप देने का दावा किया गया है। पीआईबी की तथ्य जांच इकाई ने बताया कि इस संबंध में एक मिलते जुलते नाम वाली एक साइट से लोगों को भेजे गए ईमेल फर्जी हैं और इनका आधिकारिक एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप चयन प्रक्रिया से कोई संबंध नहीं है। पीआईबी ने आमजन से भ्रामक जानकारी से बचने और आधिकारिक साईट से ही प्रमाणिक जानकारी लेने की अपील की है।

0000

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल ने कल नई दिल्ली से स्वच्छ गांव, सुरक्षित जलवायु अभियान की शुरुआत की। इस अभियान का उद्देश्य इस वर्ष पहली अप्रैल से लागू हुए ठोस कचरा प्रबंधन नियमों के बारे में लोगों को जानकारी देना है। 5 जून तक चलने वाले इस अभियान में कई गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर समापन आयोजन में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम रखा जायेगा और विशेष ग्राम सभा आयोजित होगी। इस दिन सभी ग्राम पंचायतों में अभियान की उपलब्धियों और स्वच्छ भारत मिशन के नियमों पर चर्चा की जाएगी।

अभियान का उद्‌घाटन करते हुए श्री सी. आर. पाटिल ने विश्वास जताया कि यह अभियान जनभागीदारी बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण को मजबूत करने में मदद करेगा।।

0000

भारत और अमरीका के बीच व्यापार समझौते के पहले चरण के अधिकांश बिंदुओं पर सहमति बन गई है और अब समझौते को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि अमरीकी टीम बातचीत के लिये 4 जून तक दिल्ली में है। भारत की ओर से वाणिज्य विभाग में अपर सचिव दर्पण जैन मुख्य वार्ताकार हैं, जबकि अमरीकी टीम का नेतृत्व ब्रेंडन लिंच कर रहे हैं।

0000

प्रदेश में वाहनों को अवैध रूप से मोडिफाइ करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाही की जायेगी। वाहनो के मूल स्वरूप में बदलाव कर उनमें मादक पदार्थों का परिवहन और उनका गैर कानूनी गतिविधियों में इस्तेमाल करने वाले असामाजिक तत्वों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई होगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर जीरो टोलरेंस नीति के तहत परिवहन विभाग ने सभी परिवहन अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। विभाग द्वारा प्रदेशभर में इस संबंध में  जनजागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। विभाग के अनुसार राज्य में बड़ी संख्या में ऐसे वाहन संचालित होने की सूचनाएं सामने आती हैं, जिनमें नियमों के विपरीत अवैध मोडिफिकेशन कर प्रेशर और एयर हॉर्न, अनाधिकृत लाल तथा नीली बत्तियां लगाने का काम किया जाता है। ऐसे वाहनों का उपयोग गैर कानूनी गतिविधियों और अपराधों में भी किए जाने की संभावना बनी रहती है। साथ ही, सड़क सुरक्षा पर भी गंभीर खतरा उत्पन्न होता है। विभाग ने सभी वाहन मालिको से वाहनों में अवैध मॉडिफिकेशन को तीन दिन के अंदर हटाने की अपील की हैं।

0000

प्रदेश में चलाये जा रहे वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत आज भी कई गतिविधियां आयोजित की जा रही है। जल स्त्रोतों और सरोवरों के पूजन के साथ जल शक्ति अभियान कैच द रेन कार्यक्रम रखा गया है। इसमें वर्षा जल को संग्रहण करने और पेयजल भण्डारों के रखरखाव पर आमजन को जानकारी दी जायेगी। 5 जून तक चलाये जा रहे इस अभियान को लेकर राज्यभर में लोगों में खासा उत्साह दिखाई दे रहा है। सरकार की इस पहल से राजस्थान जैसे कम वर्षा वाले प्रदेश में जल संरचनाओं के संरक्षण और भूजल स्तर बढाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है। इधर अभियान के तहत सवाईमाधोपुर में जल संसाधन विभाग की ओर से मानसरोवर बांध पर कार्यक्रम रखा गया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इसमें राज्य और केन्द्र की जल संरक्षण से जुडी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है।

0000

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से बीते 24 घंटों में कई जगहों पर आंधी बारिश की गतिविधियां बनी रही। सरहदी जिले जैसलमेर में कल देर शाम तेज आंधी के साथ झमाझम बारिश हुई जिससे लोगों को बढती गर्मी से राहत मिली। बालोतरा, बाडमेर और आसपास के इलाकों में भी बारिश से मौसम सुहावना हो गया। हमारे बाडमेर संवाददाता ने बताया कि वहां धूलभरी आंधी से आसमान में गुबार छा गया।

0000

बांसवाडा, उदयपुर, और सलूम्बर के साथ दक्षिणी जिलों में भी देर रात तक रूक रूक कर बारिश की गतिविधियां बनी रही। डूंगरपुर में बारिश और बिजली चमकने के साथ बादलों की गडगडाहट पूरी रात बनी रही। भरतपुर, दौसा, करौली और आसपास के इलाकों में भी अंधड और बरसात से बिजली लाईने क्षतिग्रस्त हो गई और टीन टप्पर उड़ गए।

0000